**भ्रष्टाचार** | करीब 4.10 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान, एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन ने गठित की तीन सदस्यीय जांच टीम

# चावल परिवहन घोटाला उजागर, 30 ट्रक चावल मिसिंग

**अनूपपुर, नवभारत 3 फरवरी। मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान किए गए एलआरटी (लॉन्ग रूट ट्रांसपोर्टेशन) चावल परिवहन कार्य में गंभीर अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है।**




जिले से अन्य जिलों में चावल परिवहन का कार्य मेसर्स फौजी ट्रांसपोर्टर को सौंपा गया था। परिवहनकर्ता द्वारा प्रस्तुत बिलों के भुगतान में अंतर पाए जाने पर मामले का खुलासा हुआ। परिवहनकर्ता को पहले ही 90 प्रतिशत बिल भुगतान किया जा चुका था। शेष 10 प्रतिशत भुगतान से पूर्व जब बिलों की गहन जांच की गई, तो दूरी, वजन और परिवहन मात्रा में गंभीर भिन्नताएं सामने आईं।

### प्रबंध संचालक को कराया अवगत

इस पूरे मामले को उजागर करते हुए जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं एमपीएससीएस अनूपपुर की प्रभारी जिला प्रबंधक अनीता सोरते ने पत्र लिखकर 16 जनवरी को एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन भोपाल के प्रबंध संचालक, कार्यपालन संचालक (वित्त), कलेक्टर तथा क्षेत्रीय प्रबंधक को अवगत कराया।

### पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्ति दर्ज नहीं

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एलआरटी के अंतर्गत भेजे गए कई ट्रकों की सीएसएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्ति दर्ज नहीं है। अब तक की जांच में लगभग 30 ट्रक चावल, जिसका वजन करीब 10 हजार क्विंटल और अनुमानित लागत 4 करोड़ 10 लाख रुपये बताई जा रही है, मिसिंग पाए गए हैं। प्राप्ति जिलों से रिपोर्ट मंगाई जा रही है और सीएसएमएस पोर्टल के माध्यम से विस्तृत जांच जारी है। एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन अनूपपुर द्वारा प्रथम परिवहन आदेश भिंड, ग्वालियर, खंडवा, द्वितीय परिवहन आदेश निवाड़ी, मुरैना, टीकमगढ़ के लिए चावल का परिवहन कराया गया था।

### तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंध संचालक द्वारा एक पत्र 27 जनवरी 2026 को जारी कर क्षेत्रीय प्रबंधक, रीवा को निर्देश जारी किए गए। इसके तहत क्षेत्रीय प्रबंधक रीवा, जिला प्रबंधक अनूपपुर, लेखापाल/प्रबंधक (वित्त) की तीन सदस्यीय संयुक्त जांच टीम गठित की गई है।

### आरोप प्रमाणित होने पर परिवहनकर्ता पर होगी कार्रवाई

इसके बाद 28 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शहडोल के प्रभारी जिला प्रबंधक एमएस उपाध्याय को तत्काल अनूपपुर प्रवास कर दो दिवस में प्रकरण का निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार यदि आरोप प्रमाणित होते हैं तो संबंधित परिवहनकर्ता सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई संभव है।

# हत्यारे को आजीवन कारावास

**रॉड से महिला की गर्दन पर वार कर बेहोश कर दिया था**




**अनूपपुर, नवभारत 3 फरवरी।** जिला न्यायालय अनूपपुर ने गला घोंटकर महिला की हत्या करने के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पटेल की अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 7 हजार रुपये का अर्थदंड तथा धारा 201 के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय 31 जनवरी को सुनाया गया।

अभियोजन के अनुसार घटना 20 मार्च 2024 की है। फरियादी जब घर लौटा तो उसने अपनी पत्नी का शव मयार से बंधी नायलॉन की रस्सी के सहारे लटका पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच में पाया कि मृतिका की गर्दन के पीछे ठोस वस्तु से चोट के निशान तथा ठुड्डी में सूजन थी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि महिला की हत्या कर उसे फांसी पर लटकाया गया था।

### नायलॉन की रस्सी से गला घोंटकर की थी हत्या

जांच में सामने आया कि आरोपी राजेश उसी रात मृतिका के घर गया था। मृतिका की बेटी के लापता होने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसी दौरान राजेश ने लोहे की रॉड से मृतिका की गर्दन पर वार कर उसे बेहोश किया, फिर नायलॉन की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए उपरोक्त सजा से दंडित किया गया।

# बैडमिंटन में सुन्द्रेश ने जीता कांस्य पदक



**राष्ट्रीय सुपर मास्टर्स गेम्स में रचा इतिहास**

**अनूपपुर, नवभारत 3 फरवरी।** 8वें राष्ट्रीय सुपर मास्टर्स गेम्स के अंतर्गत पुणे (महाराष्ट्र) में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ी सुन्द्रेश सिंह मरावी थाना प्रभारी चचाई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर में प्रदेश का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता उज्जैन से चयनित होने के बाद सुन्द्रेश सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला। इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी राम काजी के साथ युगल वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और कड़े मुकाबलों के बीच तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सुन्द्रेश सिंह और राम काजी की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल का परिचय दिया। देश के कई खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए इस जोड़ी ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और अंततः कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता का समापन किया।

### युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत

इस उपलब्धि पर अनूपपुर जिला सहित पूरे प्रदेश के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने सहित पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और साथी खिलाड़ियों ने सुन्द्रेश सिंह को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देते हुए इसे युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। सुन्द्रेश सिंह की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि अनूपपुर और प्रदेश के खेल जगत के लिए गर्व का क्षण है।

## पशु बांझ निवारण शिविरों का आयोजन 16 से

**अनूपपुर, नवभारत।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में पशुओं के बांझपन की समस्या के समाधान हेतु विशेष बांझ निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पशुओं के बांझपन का उपचार, टीकाकरण, प्रजनन जनित रोगों का उपचार, कृत्रिम गर्भाधान तथा भेड़-बकरियों और सूकरों में फैलने वाली विभिन्न बीमारियों के निदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विकासखंड अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम कोटमी में 16 फरवरी, ग्राम हरद में 17 फरवरी, ग्राम दारसागर में 18 फरवरी तथा ग्राम जमुड़ी में 19 फरवरी को शिविर आयोजित होंगे। विकासखंड कोतमा में ग्राम कटकोना में 20 फरवरी, ग्राम निगवानी में 21 फरवरी, ग्राम कोठी में 22 फरवरी एवं ग्राम बगैहाटोला में 23 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# प्रतिबंधित मार्ग पर भारी वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही

**रेलवे स्टेशन और गोविंदा साइडिंग के बीच रेल लाइन पर कोई आधिकारिक फाटक नहीं है, कभी भी हो सकता हैं हादसा**







**कोतमा नवभारत 3 फरवरी।** रेलवे स्टेशन कोतमा और गोविंदा साइडिंग के बीच स्थित वार्ड क्रमांक 13 लहसुई कैंप से लहसुई वार्ड 14/15 होकर आमाडाड मार्ग इन दिनों एक बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यहां रेलवे लाइन को पार करने के लिए कोई आधिकारिक फाटक नहीं है, लेकिन दोपहिया वाहनों से लेकर यात्री बसें और कोयले से लदे भारी-भरकम हाईवा बेखौफ होकर पटरियां पार कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि गोविंदा साइडिंग से कोयला लोड कर मालगाड़ियां निरंतर इस मार्ग से गुजरती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व इसी स्थान पर एक ट्रैक्टर रेलवे ट्रैक पर फंस गया था, जिससे मालगाड़ी से उसकी भीषण भिड़ंत हुई थी। इस चेतावनी के बाद भी वर्तमान में स्थिति जस की तस बनी हुई है। जब मालगाड़ी ट्रैक पर होती है, तब भी कई वाहन चालक जान जोखिम में डालकर पटरी पार करने की कोशिश करते हैं।

### विकल्प मौजूद, फिर भी नियम ताक पर


रेल प्रशासन ने इस खतरे को भांपते हुए महज 500 मीटर की दूरी पर अंडरब्रिज और ओवरब्रिज की आधुनिक सुविधाएं प्रदान की हैं। इसके बावजूद, कुछ मिनट बचाने के चक्कर में बस और हाईवा चालक इस प्रतिबंधित मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। यह न केवल रेल संपत्ति के लिए खतरा है, बल्कि यात्रियों की जान के साथ भी बड़ा खिलवाड़ है।

### ग्रामीणों की मांग- तत्काल लगे हाइट गेज

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और वार्डवासियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध क्रॉसिंग स्थल पर तत्काल 12 फिट की ऊंचाई पर लोहे के एंगल (हाइट गेज) लगाए जाएं, ताकि भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः बंद हो सके। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके का निरीक्षण कर इस असुरक्षित मार्ग को स्थायी रूप से ब्लॉक करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले हाईवा और बस ऑपरेटरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

**एक नजर में**

## मां काली मंदिर प्रांगण में रामायण महायज्ञ 4 से



**अनूपपुर, नवभारत।** मां नर्मदा की पावन धरती अंतर्गत जमुना-कोतमा क्षेत्र स्थित मां काली मंदिर प्रांगण कोतमा वेस्ट कॉलरी, नगर पालिका परिषद पसान में 4 फरवरी बुधवार से रामायण महायज्ञ एवं भव्य संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 12 फरवरी तक प्रतिदिन संपन्न होगा। कार्यक्रम में कथा वाचन का दायित्व जया मिश्रा (श्रीधाम वृंदावन) को सौंपा गया है। उनकी ओजस्वी वाणी से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजन हनुमान महाराज के सानिध्य में तथा यज्ञाचार्य लोकेश्वर महाराज (ग्राम पीठ बटुरी, जिला अनूपपुर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। प्रथम दिन 4 फरवरी को भव्य कलश यात्रा एवं श्रीराम कथा महिमा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।



## सीईओ ने 95 आवेदनों पर की सुनवाई

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने कुल 95 आवेदन पत्रों पर जनसुनवाई की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम खरसोल निवासी भीमसेन सिंह ने मुख्यमंत्री उद्योग क्रांति स्वरोजगार योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम बेंदी निवासी आंधी बाई ने आधार कार्ड बनाए जाने, ग्राम पिपरिया निवासी बब्बू प्रसाद पटेल ने नक्शा तरमीम कराने, ग्राम करनपठार निवासी रोहन सिंह ने विद्युत मीटर लगवाने, ग्राम छिरमुड़ी निवासी चेतराम ने भूमि बंटवारेसंबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

## पीएम आवास का निर्माण कार्य करें पूर्ण : अर्चना

**अनूपपुर, नवभारत 3 फरवरी।** जिला पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जनमन एवं आवास प्लस योजना के अंतर्गत शेष आवास निर्माण कार्यों को आगामी पखवाड़े में शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सभागार में आयोजित पीएम आवास समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में परियोजना अधिकारी (आवास) उमेश द्विवेदी, सहायक परियोजना अधिकारी (शिकायत) शोभा मर्सकोले सहित विकासखंड समन्वयक एवं पंचायत समन्वयक अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों को मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

सीईओ ने आवास निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत समन्वयक अधिकारियों को प्रतिदिन हितग्राहियों से संपर्क करने तथा आवास निर्माण की स्थिति की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त अंतरण वाले हितग्राहियों के कार्यों की एक-एक कर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

# ओसीएम आमाडांड में श्रम उत्पीड़न का गंभीर आरोप

**कर्मचारी अस्पताल में भर्ती श्रमिकों में आक्रोश आंदोलन की दी चेतावनी**



**अनूपपुर, नवभारत 3 फरवरी।** ओसीएम आमाडांड परियोजना में अनुचित श्रम व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना का गंभीर मामला सामने आया है। खान प्रबंधन पर लगाए गए आरोपों के बाद क्षेत्र के श्रमिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। खान प्रबंधक एम रामकृष्ण एवं डिस्पैच नोडल अधिकारी नितिन बाल्के पर लिपिक ग्रेड-3 कर्मचारी अभिनव कुमार सिंह को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगा है।

जानकारी के अनुसार इसी मानसिक दबाव और तनाव के कारण अभिनव कुमार सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। 31 जनवरी को दोपहर लगभग 2.10 बजे खान प्रबंधक कार्यालय से बाहर निकलते ही उन्हें चक्कर आया और वे गिर पड़े। सहकर्मियों की तत्परता से उन्हें तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कॉलरी में भर्ती कराया गया, जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें अपोलो अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया। वर्तमान में उनका इलाज जारी है।

### कार्यालयीन समस्याओं को लेकर अधिकारी से मिलने गया था

बताया जा रहा है कि अभिनव कुमार सिंह कुछ कार्यालयीन समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से मिलने गए थे। इसी दौरान कथित रूप से उन्हें मानसिक दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय सिंह, संगठन मंत्री कमलभान मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उपचार में सहयोग किया।

### मानसिक रूप से किया जा रहा था परेशान

उल्लेखनीय है कि अभिनव कुमार सिंह न केवल एक शिक्षित और कर्मठ कर्मचारी हैं, बल्कि वह बीएमएस ओसीएम शाखा के सह-सचिव भी हैं। संगठन का आरोप है कि उन्हें लंबे समय से दबाव में रखकर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए ओसीएम अध्यक्ष फ्रांसिस एंथोनी ने उप-क्षेत्रीय प्रबंधक एवं महाप्रबंधक को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# हाथी ने रातभर खेतों में मचाया उत्पात

**खेतों में खड़ी फसलों को पहुंचा रहा नुकसान**

**अनूपपुर, नवभारत 3 फरवरी।** जिले में पिछले चार दिनों से तीन हाथियों का समूह दो अलग-अलग दलों में बंटकर ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक का कारण बना हुआ है। एक हाथी जहां खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है, वहीं दो हाथियों का दल जंगल क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है।

रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात वन परिक्षेत्र अनूपपुर के सोनमौहरी बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत अमगवां के डोंगरीटोला, गोहानाला के समीप एक हाथी ने खेतों में घुसकर भारी नुकसान किया। हाथी ने गणेश सिंह के खेत में लगी गेहूं और अरहर की फसल तथा पड़ोसी रमेश राठौर के खेत की गेहूं की फसल को आहार बनाया। ग्रामीणों द्वारा पटाखे फोड़कर, हो-हल्ला कर तथा अन्य तरीकों से हाथी को भगाने का प्रयास किया गया, लेकिन फसल के लालच में हाथी कुछ दूर लेंटाना की झाड़ियों और बांस के जंगल में छिप जाता और फिर लौटकर घंटों तक खेत में डटा रहता।

### ग्रामीण पूरी रात सतर्क रहे

हाथियों की संभावित आवाजाही को लेकर हाथी गश्ती दल और ग्रामीण पूरी रात सतर्क रहे। सोमवार की रात हाथी किस गांव या टोले में प्रवेश करेंगे, इसका अंदाजा रात होने पर ही लग सकेगा। लगातार हाथियों की गतिविधियों से क्षेत्र के किसानों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है।

**समारोह** | विधायक ने 9.30 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण, हजारों की मौजूदगी में बदला विकास का परिदृश्य

# भाजपा शासन में पसान का हो रहा चौतरफा विकास : बिसाहूलाल





**जमुना कोतमा नवभारत 3 फरवरी।** नगर पालिका परिषद पसान के वार्ड क्रमांक-7, जमुना कॉलोनी में मंगल भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण समारोह 3 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे संपन्न हुआ। यह आयोजन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को समर्पित रहा। समारोह में हजारों की संख्या में महिला-पुरुषों की उपस्थिति ने नगर के विकास के प्रति जनसमर्थन को स्पष्ट रूप से दर्शाया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह रहे। विधायक का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राम अवध सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और आतिशबाजी से स्वागत किया। इसके पश्चात 9.30 करोड़ की लागत से निर्मित कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पण किया गया।

### बड़े विकास कार्य पूर्ण किए गए : सिंह

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला अध्यक्ष भाजपा अनूपपुर हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अध्यक्ष राम अवध सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि नगर पालिका पसान में सौंदर्यीकरण, मॉडल रोड, छठ तालाब घाट, मुक्तिधाम सहित अनेक बड़े विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि शहीद मदन मोहन सिंह के नाम पर दो सड़कों का नामकरण किया जाएगा।

### पहले संसाधनों का अभाव था

मुख्य अतिथि बिसाहूलाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पहले संसाधनों का अभाव था, लेकिन भाजपा शासन में चौतरफा विकास हो रहा है। पसान में मंगल भवन, पंडाल, सड़कें और अन्य निर्माण कार्य अध्यक्ष राम अवध सिंह के कुशल नेतृत्व में तेजी से पूर्ण हुए हैं। मैं पसान सहित पूरे क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। नगर पालिका इसी तरह विकास के पथ पर आगे बढ़ती रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ. सुनील चौरसिया, अनिल गुप्ता, राकेश गुप्ता, उदय राज सिंह मामा, रामदास पुरी, लवकुश शुक्ला, अजय ताराचंद यादव, नरेश चंद शर्मा, लाल बहादुर जायसवाल, राजेश सिंह, अशोक लाल, राजू जायसवाल, रवि राठौर, जितेंद्र भट्ट, सिद्धार्थ सिंह, मीना तंवर, जितेंद्र सोनी, कैलाश सिंह मरावी, दुर्गा पटेल, फैज मोहम्मद, पूजा सिंह, रश्मि खरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संचालन धीरेंद्र सिंह (मिंटू) ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन लाल बहादुर जायसवाल ने किया।